अध्यक्ष (स्पीकर) पद के निर्वाचन हेतु
प्रथम सम्मेलन दिनांक 16.01.2015 की कार्यवाही विवरण

नगर पालिक निगम, रायगढ़ में अध्यक्ष (स्पीकर) पद के निर्वाचन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम सम्मेलन की कार्यवाही अपर कलेक्टर/पीठासीन अधिकारी की अनुमति से प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ की गई। अध्यक्ष (स्पीकर) पर हेतु 02 (दो) पार्षदों ने नाम निर्देशन पत्र निर्धारित समय के भीतर निम्नानुसार प्रस्तुत किए:-

1. श्री कौशलेश मिश्रा
2. शेख सलीम नियारिया

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा/सूक्ष्म जांच की गई। किसी भी पार्षद ने आपत्ति पेश नहीं किया। सभी नाम निर्देशन-पत्र वैध पाए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया गया।

निर्धारित समयावधि में किसी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया। इस प्रकार अध्यक्ष (स्पीकर) के पद के लिए 02 (दो) नाम निर्देशन पत्र पृथक-पृथक वैध पाए जाने के कारण गुप्त मतदान की प्रकिया अपनायी गई। मतपत्र तैयार किये गये। गुप्त मतदान की विस्तृत प्रकिया अपर कलेक्टर/पीठासीन अधिकारी द्वारा उपस्थित पार्षदों को अवगत कराया गया। पीठासीन अधिकारी द्वारा कमशः महापौर एवं पार्षदों को मतदान के लिए बुलाया गया। महापौर एवं 48 पार्षदों ने गुप्त मतदान किया। मतदान बाद अभ्यर्थियों/पार्षदों की उपस्थिति में मतगणना की गई। कोई आपत्ति पेश नहीं हुआ।

मतदान का विवरण अधोलिखित है:-

कुल मतदाता	- 49
डाले गये मतदों की संख्या	- 49
विधिमान्य मतों की संख्या	- 49
अविधिमान्य मतों की संख्या	- निरंक

अभ्यर्थियों को प्राप्त विधिमान्य मतों की संख्या इस प्रकार है:-

1. श्री कौशलेश मिश्रा को प्राप्त विधिमान्य मत - 23
2. श्री शेख सलीम नियारिया को प्राप्त विधिमान्य मत - 26

शेख सलीम नियारिया को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी श्री कौशलेश मिश्रा से अधिक विधिमान्य मत प्राप्त होने के कारण श्री शेख सलीम नियारिया को नगर पालिक निगम, रायगढ़ का अध्यक्ष (स्पीकर) पद पर सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाचन के कागज पत्रों, नाम निर्देशन पत्र, अभ्यर्थियों की सूची, विधिमान्य मतपत्र, अविधिमान्य मतपत्र को लिफाफा में सीलबंद किया गया तथा आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ की अभिरक्षा में रखे जाने हेतु अग्रेषित किया गया।

प्रथम सम्मेलन की कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

अपर ~~कलेक्टर एवं पीठासीन~~ अधिकारी
प्रथम सम्मलेन
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

(1) | (2) | (3)

अपील समिति सदस्यों के निर्वाचन हेतु
प्रथम सम्मेलन दिनांक 16.01.2015 की कार्यवाही विवरण

नगर पालिक निगम, रायगढ़ में अपील समिति के लिए 04 (चार) पद के निर्वाचन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम सम्मेलन की कार्यवाही अपर कलेक्टर/सभापति, अपील समिति की अनुमति से प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ की गई। अपील समिति के सदस्य के लिए कुल 04 (चार) पार्षदों ने नाम निर्देशन पत्र निर्धारित समय के भीतर निम्नानुसार प्रस्तुत किए:–

1. श्री संदीप सिंह क्षत्रिय
2. श्री दीपक एक्का
3. श्री चन्द्रप्रकाश पाण्डेय
4. श्री मुक्तिनाथ प्रसाद

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा/सूक्ष्म जांच की गई। किसी भी पार्षद ने आपत्ति पेश नहीं किया। सभी नाम निर्देशन–पत्र वैध पाए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया गया।

निर्धारित समयावधि में किसी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया। इस प्रकार अपील समिति के 04 (चार) नाम निर्देशन पत्र पृथक–पृथक वैध पाए जाने के कारण अधोलिखित को सम्यक् रूप से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया:–

1. श्री संदीप सिंह क्षत्रिय
2. श्री दीपक एक्का
3. श्री चन्द्रप्रकाश पाण्डेय
4. श्री मुक्तिनाथ प्रसाद

निर्वाचन के कागज पत्रों, अपील समिति के सदस्य पद के नाम निर्देशन पत्र, अभ्यर्थियों की सूची, को लिफाफा में सीलबंद किया गया तथा आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ की अभिरक्षा में रखे जाने हेतु अग्रेषित किया गया।

प्रथम सम्मेलन की कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

अपर ~~कलेक्टर एवं पीठासीन~~ अधिकारी
प्रथम सम्मेलन
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)